भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 502
जिसका उत्तर बृहस्पतिवार 28 अप्रैल, 2016 को दिया जाना है

**वाहन निर्माताओं द्वारा वापस मंगाए गए वाहन**

**502. श्री हुसैन दलवई:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में अब क्रमश: गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान वाहन निर्माताओं द्वारा सुरक्षा दोषों के कारण वापस मंगाए गए वाहनों की संख्या और ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि एन ए टी आर आई पी द्वारा किए गए अध्ययन से यह पता चला है कि सड़क दुर्घटनाओं में 65 प्रतिशत लोग हल्के चार पहिया वाहनों के शिकार होते हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उन वाहनों को अनिवार्य तौर पर वापस मंगाए जाने की नीति बनाई है, जो सुरक्षा मानकों को पूरा नहीं करते हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क):** ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं द्वारा वापस मंगाए गए वाहनों की संख्या का ब्यौरा, जो सिआम द्वारा भारी उद्योग विभाग को उपलब्ध कराया गया है, संलग्न है।

**(ख):** जी, नहीं। नेट्रिप का दुर्घटना आंकड़ा विश्लेषण केन्द्र (एडीएसी) 01.08.2013 से 01.06.2015 की अवधि के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-8 के गुड़गांव-जयपुर सड़क मार्ग (194 किमी) पर मोटर वाहन की गंभीर दुर्घटनाओं के लिए गहन दुर्घटना आंकड़ा संग्रहण परियोजना में शामिल था। एडीएसी की उपर्युक्त आंकड़ा संग्रहण परियोजना के अनुसार, 43.5% चोटों (घातक, गंभीर और छोटी-मोटी चोटों को मिलाकर) में चार पहिया वाहनों के व्यक्ति शिकार होते हैं।

**(ग) और (घ):** वर्तमान में, देश में वाहन वापस मंगाए जाने संबंधी कोई नीति नहीं है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने केन्द्रीय मोटरवाहन नियमावली, 1989 में संशोधन करके वाहनों को अनिवार्य तौर पर वापस मंगाए जाने की नीति तैयार करने के लिए कदम उठाए हैं। तथापि, उद्योग ने वाहन वापस मंगाए जाने के संबंध में जुलाई, 2012 में एक स्वैच्छिक कोड की घोषणा की है। जुलाई, 2012 से, वाहन में ऐसी सुरक्षा खामी पाई जाने की स्थिति में, जिससे कि वाहन सवार के लिए दुर्घटना अथवा चोट लगने का जोखिम उत्पन्न होता है, विनिर्माता स्वैच्छिक रूप से वाहन वापस मंगाते हैं और वाहन में निःशुल्क दोष-सुधार करते हैं।

*******

# अनुबंध

| क्र.सं. | संगठन | वाहन का नाम | वापस लेने के लिए अधिसूचना की तारीख | कमी | वाहनों की लक्षित संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फोर्ड इंडिया प्राइवेट लि. | फिगो एंड फिएस्टा क्लासिक (सभी) | 23-जुलाई-12 | रियर ट्विस्ट बीम(आरटीबी) में छोटा क्रेक जिससे अस्वाभाविक मेटलिक क्रेक्रिंग नॉइज होने लगा। | 111000 |
| | | फिगो एंड फिएस्टा क्लासिक (पेट्रोल वेरिएंटस) | 23-जुलाई-12 | पीएएस होज सिस्टम में कम तेल रिसाव और चिह्नित रिसाव क्षेत्र से धुंआ निकलने की संभावना थी। | 17655 |
| 2 | टोयोटा किर्लोस्कर प्राइवेट लिमिटेड | टोयोटा कामरी (जापान से आयात की गई) | 10-अक्तूबर-12 | ड्राइवर की ओर के पावर विंडो मास्टर स्विच में स्लाइडिंग इलेक्ट्रिकल कॉनटेक्ट मॉडयूल का प्रयोग करने का नॉची/स्टिकी अहसास। वाणिज्यिक ल्यूब्रिकेंट प्रयोग करने से स्विच असेंबली पिघल सकती थी। | 1904 |
| | | टोयोटा कोरोला एल्टिस (भारत में विनिर्मित) | 10-अक्तूबर-12 | ड्राइवर की ओर के पावर विंडो मास्टर स्विच में स्लाइडिंग इलेक्ट्रिकल कॉनटेक्ट मॉडयूल का प्रयोग करने का नॉची/स्टिकी अहसास। वाणिज्यिक ल्यूब्रिकेंट प्रयोग करने से स्विच असेंबली पिघल सकती थी। | 6782 |
| 3 | होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा.लि. | सीबीआर 250 (स्टेण्डर्ड) | 19-नवंबर-12 | आगे का ब्रेक प्रयोग करने में सीमित प्रभाविक्ता की संभावना | 11506 |
| 4 | महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि. | एक्यूयूवी 500 (डब्ल्यू6 और डब्ल्यू8 वेरिएंट) | 6-मार्च-13 | एक हॉज से तेल रिसाव जिससे स्टियरिंग प्रयास क्रमिक रूप से बढते जाते। | 24695 |
| 5 | निसान मोटर इंडिया प्रा.लि. | माइक्रा (सभी वेरिएंट) | 22-मई-13 | ब्रेक मास्टर सिलिंडर के प्राथमिक और/या द्वितीयक सर्किट की सील ट्विस्ट हो सकती थी जिससे ब्रेक द्रव सील में जा सकता था। हल्के ब्रेक बल से सिस्टम को चलाने पर ड्राइवर को ब्रेक पैडल के फर्श की ओर जाने का अनुभव हो सकता है। | 6286 |
| | | सनी (सभी वेरिएंट) | 22-मई-13 | ब्रेक मास्टर सिलिंडर के प्राथमिक और/या द्वितीयक सर्किट की सील ट्विस्ट हो सकती थी जिससे ब्रेक द्रव | 15902 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सील में जा सकता था। हल्के ब्रेक बल से सिस्टम को चलाने पर ड्राइवर को ब्रेक पैडल के फर्श की ओर जाने का अनुभव हो सकता है। | |
| 6 | रेनॉल्ट इंडिया | पल्स (सभी वेरिएंट) | 22- मई -13 | ब्रेक मास्टर सिलिंडर के प्राथमिक और/या द्वितीयक सर्किट की सील ट्विस्ट हो सकती थी जिससे ब्रेक द्रव सील में जा सकता था। हल्के ब्रेक बल से सिस्टम को चलाने पर ग्राहक को ब्रेक पैडल के फर्श की ओर जाने का अनुभव हो सकता है। | 2836 |
| | | सकाला (सभी वेरिएंट) | 22- मई -13 | ब्रेक मास्टर सिलिंडर के प्राथमिक और/या द्वितीयक सर्किट की सील ट्विस्ट हो सकती थी जिससे ब्रेक द्रव सील में जा सकता था। हल्के ब्रेक बल से सिस्टम को चलाने पर ग्राहक को ब्रेक पैडल के फर्श की ओर जाने का अनुभव हो सकता है। | 4180 |
| 7 | टोयोटा किर्लोस्कर प्राइवेट लिमिटेड | टोयोटा कोरोला एल्टिस सभी वेरिएंट डीजल (भारत में विनिर्मित) | 24- मई -13 | एफआर ड्राइव शॉफ्ट इनबोर्ड ज्वाइंट से हट रहा था जिसके परिणामस्वरूप ड्राइव नहीं की जा सकती। | 1077 |
| 8 | होंडा कार्स इंडिया लि. | सिटी (मैनुअल और ऑटोमैटिकक) | 29-जून-13 | पावर विंडो मास्टर स्विच का पिघलना | 42672 |
| 9 | फोर्ड इंडिया प्राइवेट लि. | इकोस्पोर्ट (डीजन) | 11-जुलाई-13 | ग्लो प्लग मॉडल्यू को प्रतिस्थापित या प्रति आबंटित किए जाने की आवश्यकता थी। | 972 |
| 10 | इंडिया यामाहा मोटर प्रा.लि. | यामाहा सिगनस रे (2 पहिया – 1जीसी1 वेरिएंट) | 18-जुलाई-13 | वाहन के चलते समय अपर्याप्त वेल्डिंग के कारण कुछ हैंडल बार वाइब्रेशन द्वारा ब्रेक या क्रेक हो सकते थे। इसलिए, सभी प्रभावित श्रेणियों में हैंडल बार बदला जाएगा। | 56082 |
| 11 | जगुआर लैंड रोवर लि. | जगुआर एक्सएफ (यूके में बना) 2.2लीटर डीजल | 8-अगस्त-13 | ईंधन की गंध और ड्राइविंग के बाद तल पर ईंधन। ईंजन पर लगे इंजेक्टर स्पिल रेल स्पाईगॉड से रिस रहा डीजल ईंधन पाइप कनेक्टर ज्वाइंट में वापस आने लगता। | 1 |
| | | जगुआर एक्सएफ (यूके में बना) 2.2लीटर डीजल | 8- अगस्त -13 | ईंधन की गंध और ड्राइविंग के बाद तल पर ईंधन। ईंजन पर लगे इंजेक्टर स्पिल रेल स्पाईगॉड से रिस रहा डीजल ईंधन पाइप कनेक्टर ज्वाइंट में वापस | 516 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आने लगता। | |
| 12 | फोर्ड इंडिया प्राइवेट लि. | फिगो एंड फिएस्टा क्लासिक (All) | 13-सितंबर-13 | वाहनों के शेष बैचों को वापस लेने के लिए आरटीबी मामले के लिए फोर्ड इंडिया वर्तमान वाहन वापसी को बढा रही है। | 131922 |
| | | फिगो एंड फिएस्टा क्लासिक (पेट्रोल वेरिएंटस) | 13- सितंबर -13 | वाहनों के शेष बैचों को वापस लेने के लिए पीएएस हॉल सिस्टम मामले के लिए फोर्ड इंडिया वर्तमान वाहन वापसी को बढा रही है। | 34099 |
| 13. | मारुति सुजुकी इंडिया लि. | स्विफ्ट (पेट्रोल और डीजल वेरिएंट) | 26-नवंबर-13 | अननुमोदित स्टीयरिंग कॉलम असेंबली के लिए जांच | 176<br>416 |
| | | स्विफ्ट डिजायर (पेट्रोल और डीजल वेरिएंट) | 26-नवंबर-13 | | 130<br>451 |
| | | एरटिगा (पेट्रोल और डीजल वेरिएंट) | 26-नवंबर-13 | | 78<br>228 |
| | | एस्टार (पेट्रोल वेरिएंट) | 26-नवंबर-13 | | 13 |
| 14 | महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि. | स्कॉर्पियो ईएक्स | 1-दिसंबर-13 | कुछ उत्पादित वाहनोंमें, एक प्रेशर रेगुलेटिंग वाल्व इष्टतम काम नहीं कर रहा, यदि यह स्थिति बनी रहती, तो इससे पीछे की सीट के यात्रियों द्वारा जर्क का अनुभव किया जाता। | 985 |
| 15 | इंडिया यामाहा मोटर प्रा.लि. | आर1 (असेंबल्ड स्थिति में – जापान से आयात) | 3-मार्च-14 | सवारी करते समय कंपन की वजह से तापीय फैलाव से झटके लगने की वजह से हैडलाइन कनेक्टर का गलत संयोजन हुआ। लगातारउपयोग करने से पिघल सकता है और खराबी आ सकती है। | 138 |
| 16 | मारुति सुजुकी इंडिया लि. | स्विफ्ट (पेट्रोल और डीजल वेरिएंट) | 9-अप्रैल-14 | गलत पेचकश आकार के कारण अपर्याप्त सैटिंग की वजह से ईंधन केप के स्तर तक ईंधन भरता है तो एक्सट्रीम दशाओं में ईंधन की गंध और रिसाव की संभावना। | 14919<br>32318 |
| | | स्विफ्ट डिजायर (पेट्रोल और डीजल वेरिएंट) | 9- अप्रैल -14 | | 11853<br>30628 |
| | | एरटिगा (पेट्रोल और डीजल वेरिएंट) | 9- अप्रैल -14 | | 3197<br>10396 |
| 17 | होंडा कार्स इंडिया लि. | अमेज - मेनुअल (पेट्रोल – एबीएस रहित) | 5-मई-14 | कुछ कारों में ब्रेक प्रोपोर्सनेटिंग वाल्व की मिस-असेंबलली की संभावना | 15603 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ब्रियो- मेनुअल (पेट्रोल – एबीएस रहित) | 5- मई -14 | | 15623 |
| 18 | हुंदई मोटर इंडिया लि. | सांता एफई | 23- मई -14 | लैंप स्विच मैलफंक्शन को रोकने के लिए | 2437 |
| 19 | महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि. | स्कॉर्पियो ईएक्स | 7-जुलाई-14 | कुछ वाहनों में, एक प्रेशर रेगुलेटिंग वाल्व समीक के बॉडी पैनल से इंटरफेयर करता और इष्टतम रूप से नहीं चलता।जिससे, अंत्तोगतवा प्रेशर रेगुलेटिंग वाल्व को हानि पहुंचती। | 23519 |
| 20 | होंडा कार्स इंडिया लि. | अकॉर्ड | 16-जुलाई-14 | यात्री एयरबैग इनफ्लैटर में उत्पादन दशाओं के कारण कम सघनता वाले कुछ प्रोपेलेंट होना। इसके बढने से इनफ्लेटर केस में दबाव अत्यधिक हो सकता है तथा यह फट सकता है। | 1075 |
| | | सीआर-V | | | 253 |
| | | स्ट्रीम | | | 1 |
| 21 | मारुति सुजुकी इंडिया लि. | पुरानी डिजायर (डीजल) | 30-सितंबर-14 | वायरिंग हार्नेस की अनुचित फिटनेस दशाएं जिससे वायरिंग हार्नेस और बैटरी ट्रे के बीच इंटरफेरेंस हो सकता है। | 54858 |
| | | | | | 1080 |
| | | पुरानी स्विफ्ट (डीजल) | | | 12470 |
| | | | | | 16 |
| | | रिट्ज (डीजल) | | | 1131 |
| 22 | ऑडी इंडिया (वॉल्क्सवैगन ग्रुप सेल्स इंडिया प्रा.लि. का डिवीजन | ऑडी ए4 | 28-अक्तूबर-14 | ट्रिगरिंग एल्गोरिदम में गलत पैरामीटर को सही करने के लिए एयरबैग नियंत्रण एकक का सॉफ्टवेयर अद्यतन | 6758 |
| 23 | निसान मोटर इंडिया प्रा.लि. | माइक्रा (सभी वेरिएंट) | 27-अक्तूबर-14 | तकता सुविधा पर कुछ एयरबैग इनफ्लैटर गलत आउटर बफैल प्लेटर के साथ असेंबल किए गए थे। प्रतिबंधित गैस प्रवाह से होने वाले अत्यधिक दबाव से डेवलपमेंट के दौरान इनफ्लेटर फट सकता है। | 5895 |
| | | सनी (सभी वेरिएंट) | 27-अक्तूबर-14 | | 104 |
| 24 | होंडा कार्स इंडिया लि. | ब्रियो (पेट्रोल) | 27-अक्तूबर-14 | ड्राइवर की ओर के एयरबैग इनफ्लैटर एसेंबली प्रक्रिया के दौरान गलत बफैल पलेट को असेंबल किया गया। जब ऐसे एयरबैग लगाए जाते, इनफ्लैटर केस में अत्यधिक दबाव होता तथा केस फट जाता। | 1040 |
| | | अमेज (पेट्रोल और डीजल) | | | 1235 |
| | | सीआर-V (पेट्रोल ) | | | 63 |
| | | अकॉर्ड | 15-मई-15 | एयरबैग लगाए जाने के समय अत्यधिक आंतरिक दबाव के कारण इनफ्लेटर बॉडी फट सकती थी। प्रतिरक्षा उपाय के रूप में प्रतिस्थापन किया गया। | 10805 |
| | | | | | 575 |
| | | सीआर-V | | | 1 |
| | | सिविक | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | ऑडी इंडिया (वॉल्क्सवैगन ग्रुप सेल्स इंडिया प्रा.लि. का डिवीजन | ऑडी क्यू7 | 15-सितंबर-14 | इंजन ऑयल बेक्यूम लाइनों के जरिए ब्रेक सर्वो में आ सकता था। इससे बेक्यूम लाइनों के जरिए ब्रेक सर्वो में डायफ्राम को हानि हो सकती है। | 382 |
| 26 | टोयोटा किर्लोस्कर प्राइवेट लिमिटेड | कैमरी | 12-नवंबर-14 | फ्रंट सस्पेंशन लोटर बाल ज्वाइंट का निरीक्षण तथा प्रतिस्थापन | 119 |
| 27 | महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि. | एक्सयूवी 500 (डब्ल्यू4, डब्ल्यू 6, डब्ल्यू 8) | 15-नवंबर-14 | कुछ उत्पादन इंजनों में, वेक्यूम पंप मैलफंक्शन कर सकता है जिससे इंजन से नॉइज होगा तथा इसे हानि होगी। | 2341 |
| | | स्कॉर्पियो (वीएलएक्स, एसएलएक्स, एलएक्स) | | | |
| | | जायलो (एच9, एच 8, एच 6) | | | |
| 28 | फोर्ड इंडिया प्राइवेट लि. | फीएस्टा (डीजल) | 21-नवंबर-14 | आर्द्र दशाओं में डीजल इंजन प्रभावित हो सकता है। | 3072 |
| 29 | टोयोटा किर्लोस्कर प्राइवेट लिमिटेड | कोरोला एल्टिस | 25-नवंबर-14 | टर्बोचार्जर/वेक्यूम पंप से इंजन ऑयल का रिसाव और इसका एयर इनटेक सिस्टम में एकत्र होना, जिससे परिणामत: हानि हो सकती है। | 5834 |
| 30 | फोर्ड इंडिया प्राइवेट लि. | टाइटेनियम ओ | 16-दिसंबर-14 | साइड एयरबैग, सीट बेल्ट प्री-टेंशनर ओर साइड इंपेक्ट सेंसर सर्किट गलत तरीके से लगाए गए। | 19441 |
| | | टाइटेनियम (1.0 और 1.5 टिवक्ट) | | वाष्प लाइन और ईंधन से टक्कर की संभावना | 2716 |
| 31 | **रेनॉल्ट इंडिया** | पल्स | 12-जनवरी-15 | कुछ एयरबैग इनफ्लैटर गलत आउटर बफैल प्लेट के साथ असेंबल किए गए थे। इसलिए, प्रतिबंधित गैस प्रवाह से अत्यधिक दबाव बन सकता था जिससे लगाने के दौरान इनफ्लेटर संभवत: फट जाता। | 620 |
| | | सकाला | | | 26 |
| 32 | **महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लि.** | एक्सयूवी500 | 12-फरवरी-15 | | 99283 |
| 33 | **वॉल्क्सवैगन** | ऑडी ए4, क्यू5, ए6, ए7, क्यू7, ए8 | 26- फरवरी -15 | टोलरेंस के एक संभावित अनफेवरेबल संयोजन को रोकने से इंजक्शन सिस्टम में रिसाव हो सकता है। यदि इंधन की टंकी पर्याप्त सख्त नहीं है, तो बी/डब्ल्यू ब्रेकेट और ईंधन रेल के कनेक्शन पर तनाव हो सकता है। | 25 |
| 34 | **मारुति सुजुकी इंडिया लि.** | ऑल्टो 800, ऑल्टो के10 (पेट्रोल/सीएनजी: 19780/13318) | 10-मार्च-15 | प्रभावित वाहनों में डोर लैच असेंबली फ्रंट और रियर (केवल दांयी ओर की) के प्रतिस्थापन के लिए | 33098 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 35 | **निसान मोटर इंडिया प्रा.लि.** | एक्स-ट्रायल | 13-मई-15 | स्मॉकलैस पेसेंजर इनफ्लैटर में चालू जांच का भाग | 587 |
| | | टीएना | | | 92 |
| | | एल्मेरा | | | 2 |
| | | पेट्रोल | | | 2 |
| 36 | **निसान मोटर इंडिया प्रा.लि.** | एक्स-ट्रायल | 24-जून-15 | तकता इनफ्लैटर मामला, निसान चालू तकता इनफ्लैटर एयरबैक इनफ्लैटर अभियान को और बढ़ाएगी। | 310 |
| | | टीएना | | | 410 |
| 37 | **निसान मोटर इंडिया प्रा.लि.** | माइक्रा | 25-जून-15 | इंजन पुश बटन स्टार्ट वाले कुछ वेरिएंटों को स्वैच्छिक रूप से वापस लेना। | 6495 |
| | | सनी | | | 5106 |
| 38 | **टोयोटा किर्लोस्कर प्राइवेट लिमिटेड** | कोरोला | 2-जुलाई-15 | अनुचित रूप से विनिर्मित प्रोपेलेंट वेफर असेंबल किए गए जिससे एटोर फट सकता था तथा टक्कर के दौरान सामने का यात्री एयरबैक असामान्य रूप से डिप्लाय होता। | 36 |
| 39 | **जनरल मोटर्स इंडिया** | बीट, स्पार्क, एनज्वॉय | 13-जुलाई-15 | रिमोट कीलैस एंट्री एसेसरी मामले के सुरक्षा मामले | 155000 |
| 40 | **होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा.लि.** | सीबीआर 250आर | स्टेण्डर्ड | संदेह था कि स्टार्टर रिले की असेंबली के दौरान सीलेंट गलत रूप से लगाया गया जिससे इलेक्ट्रिकल सिस्टम के लिए मोटरसाइकिल बैटरी वॉल्टेज को संभवत: बाधित करते हुए मेन फ्यूज के आर पार प्रतिरोध बढ सकता था। इस व्यवधान से इंजन स्टार्ट नहीं होता या राइडिंग के दौरान रूक जाता या एक्सट्रीम मामलों में इसमें आग लग जाती। | 13706 |
| | | | एबीएस | | |
| | | सीबीआर 150आर | स्टेण्डर्ड | | |
| | | | डीलक्स | | |
| 41 | **हार्ले डेविडसन** | एक्सजी 750 | 27-अगस्त-15 | फ्यूल पंप का कमजोर होना जिससे कम ईंधन स्तरों पर ईंधन की आपूर्ति में व्यवधान आ सकता था। इससे मोटरसाइकिल में तेजी से पावर आती और नियंत्रण समाप्त हो जाता। | 3698 |
| 42 | **रेनॉल्ट इंडिया** | पलस (सभी वेरिएंट) | 9-सितंबर-15 | अत्यधिक इंटरफेरेंस दशा को रोकने के लिए स्टार्ट स्टॉप बटन का रिवर्क | 970 |
| | | सकाला (सभी वेरिएंट) | | | 1138 |
| 43 | **होंडा कार्स इंडिया लि.** | सीआर-V | 18-सितंबर-15 | एयरबैग डिप्लॉयमेंट के समय अत्यधिक आंतरिक दबाव के कारण इनफ्लैटर बॉडी का फट जाना। | 646 |
| | | सिविक | | | 11159 |
| | | सीआर-V | | | 1 |
| | | सीआर-V | | | 11494 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सिविक | | | 40083 |
| | | सिटी | | | 2646 |
| | | सीआर-V | | | 7684 |
| | | सिटी | | | 140508 |
| | | सिविक | | | 43129 |
| | | जाज | | | 15707 |
| 44 | **वॉल्क्सवैगन** | पोलो | 8-अक्तूबर-15 | रियर ब्रेक ड्रम असेंमली में हैंड ब्रेक लीवर आर्म टूट सकती थी जिससे यह अप्रभावी होती | 1439 |
| 45 | **होंडा कार्स इंडिया लि.** | सिटी | 23-अक्तूबर-15 | विद्यमान सीवीटी नियंत्रण सॉफ्टवेयर से कुछ सीवीटी प्रचानल मोट के दौरान सीवीटी को अत्यधिक दबाव हो सकता था। | 3879 |
| 46 | **वॉल्क्सवैगन** | पोलो, वेंटो, जेटा,पसट | 1-दिसंबर-15 | सॉफ्टवेयर को अद्यन किया जाना आवश्यक था। | 198300 |
| 47 | **होंडा** | सिटी | 10-दिसंबर-15 | फ्यूल रिटर्न लाइन से ईंधन रिसाव देखा गया तथा बाद में ईंधन न होने से ईंधन ने कार्यकरना बंद कर दिया। | 64428 |
| | | मोबिलियो | 10- दिसंबर -15 | | 25782 |
| 48 | **जनरल मोटर्स इंडिया** | शेवरोले बीट डीजल | 15- दिसंबर -15 | क्लच पैडलन लीवर के क्रेक होने का संदेह था | 101597 |
| 49 | **होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा.लि.** | वीएफआर1200एफडीए | 5-जनवरी-16 | ड्राइवर शॉफ्ट यूनिवर्सल ज्वाइंट बेयरिंग सही तरीके से असेंबल नहीं की गई और इसमें विनिर्माण त्रुटियों के कारण टिकाउपन नहीं था। | 28 |
| 50 | **होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा.लि.** | सीबीआर250आर (स्टेण्डर्ड/एबीएस) | 5- जनवरी -15 | स्टार्टर रिले स्विच की असेंबली के दौरान सीलेंट गलत तरीके से लगाया गया, जिससे मेन फ्यूल में प्रतिरोध बढ सकता था जिससे इलेक्ट्रिकल सिस्टम के लिए मोटरसाइकिल के बैटरी वॉल्टेज में बाधा आ सकती थी। | 13706 |
| | | सीबीआर150आर (स्टेण्डर्ड/एबीएस) | | | 2122 |
| 51 | **होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा.लि.** | वीएफआर1200एफडीए | 5- जनवरी -16 | ड्राइवर शॉफ्ट यूनिवर्सल ज्वाइंट बेयरिंग सही तरीके से असेंबल नहीं की गई, यदि की जाती,तो निर्दिष्ट स्थिरत नहीं आती। | 28 |
| | | | **कुल** | | **1769430** |